# समाचार वाणी

ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Wednesday, 23 September 2026


## 25 जून को लॉन्च हो रहा HBD फाइनेंशियल सर्विसेज का IPO, शुरुआती निवेशकों को हो सकता है 48% तक नुकसान।

Publisher Published on 21 Jun 2025




## "25 जून से खुल रहा HBD फाइनेंशियल सर्विसेज का IPO, बाजार विश्लेषकों ने शुरुआती निवेशकों को संभावित भारी नुकसान को लेकर किया आगाह"

**नई दिल्ली : HBD फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड** अपना प्रारंभिक **सार्वजनिक प्रस्ताव (IPO)** 25 जून 2025 को लॉन्च कर रही है। हालांकि इस **IPO** को लेकर **बाजार विशेषज्ञों** की राय सकारात्मक नहीं है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, करीब 49,336 शुरुआती निवेशकों को 48 प्रतिशत तक नुकसान होने का खतरा बताया जा रहा है।

इस चेतावनी ने खुदरा निवेशकों के बीच चिंता बढ़ा दी है, जो **आईपीओ मे लिस्टिंग** गेन के उद्देश्य से निवेश करते हैं।

**निवेशकों को चेतावनी : गिरावट की आशंका**

जानकारों का मानना है कि कंपनी की वित्तीय स्थिति कमजोर, कर्ज का बोझ अधिक और ग्रोथ प्रोजेक्शन अनिश्चित है। यही कारण है कि इसके शेयर की लिस्टिंग पर नकारात्मक रिटर्न मिलने की पूरी आशंका है।

वित्तीय जानकारों के अनुसार, "जिन निवेशकों ने पहले राउंड में निवेश किया था, उन्हें संभावित रूप से अपने मूल निवेश का करीब आधा हिस्सा खोना पड़ सकता है।"

**क्या कहता है बाजार मूल्यांकन ?**

विश्लेषकों के मुताबिक, कंपनी का **प्राइस टू अर्निंग रेशियो (P/E)** और **बुक वैल्यू, सेक्टर** के अन्य प्लेयर्स के मुकाबले अधिक है, जबकि मार्जिन और ग्रोथ रेट कम है। इससे निवेशकों के लिए रिस्क और बढ़ जाता है।

**निवेश से पहले क्या करे ?**

१. **कंपनी की रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (RHP) को ध्यान से पढ़े**

२. **बाजार एक्सपर्ट्स की राय ले**

३. **लॉन्ग टर्म निवेश की योजना हो तो ही विचार करे**

४. **शॉर्ट टर्म गेन के लिए निवेश करने से बचे**

ऐसी ही देश और दुनिया की बड़ी खबरों के लिए फॉलो करें: www.samacharwani.com

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.